भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1085
08 फरवरी, 2024 को उत्तर के लिए

मध्य प्रदेश में मेट्रो रेल परियोजनाएं

1085. श्री विवेक नारायण शेजवलकर:

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मध्य प्रदेश के कितने शहरों में मेट्रो रेल परियोजना कार्यान्वित की जा रही है;

(ख) क्या ग्वालियर में शहरी परिवहन व्यवस्था के लिए मेट्रो ट्रेन संचालित करने की कोई योजना बनाई जा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) मेट्रोलाईट कॉरीडोर में हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है; और

घ) उक्त परियोजना के कब तक क्रियान्वित होने की संभावना है और उसके रूट प्लान का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री कौशल किशोर)

(क) मेट्रो रेल परियोजनाएं मध्य प्रदेश राज्य के दो शहरों अर्थात भोपाल और इंदौर में कार्यान्वित की जा रही हैं।

(ख) से (घ) मेट्रो रेल नीति, 2017 के अनुसार संबंधित राज्य सरकार मेट्रो रेल परियोजनाओं को शुरू करने के लिए जिम्मेदार है जिसमें व्यापक मोबिलिटी योजना (सीएमपी), वैकल्पिक विश्लेषण रिपोर्ट (एएआर), विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) आदि तैयार करना शामिल है। जब भी संबंधित राज्य सरकार द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाता है तो केंद्र सरकार प्रस्ताव की व्यवहार्यता और संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर शहरों या शहरी समूहों में ऐसी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता पर विचार करती है। ग्वालियर में मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए केंद्र सरकार को अभी तक मध्य प्रदेश सरकार से कोई प्रस्ताव नहीं मिला है।

*****